कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड़, लो०नि०वि० पौड़ी

E Mail ID:- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 13 / 2 8/ 03 ति0 दिनांक 03 / 01 / 2026

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
सिविल एवं सोयम
पौड़ी गढ़वाल।

विषयः– जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के अन्तर्गत मुछियाली–चाराकोट मोटर मार्ग से कमरगढ़ होते हुये देहलचौरी तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.19 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। **(Online No.FP/UK/Road/145876/2021)**

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मत्रांलय देहरादून के पत्र सं0 8बी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 123 / 2021 / एफ0सी0 / 1268 दिनांक 24.12.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयांकित प्रस्ताव पर भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मत्रांलय देहरादून द्वारा लगाई गई आपत्तियों का निराकरण प्रश्न / उत्तर में तैयार कर आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

क्र0सं0	प्रश्न	उत्तर
1.	सी0ए0 क्षेत्र के डी0एस0एस0 विश्लेषण के अनुसार, सिविल सोयम भूमि में 2 हेक्टेयर क्षेत्र एम0डी0एफ0 में पाया गया है। मंत्रालय द्वारा दिये गये दिशा–निर्देश दिनांक 08.11.2017 के अनुसार, क्योंकि सी0ए0 क्षेत्र वन विभाग के कब्ज़े में नहीं है, सी0ए0 हेतु क्षेत्र को स्वीकार किया जा सकता है तथा आपसे अनुरोध है कि अवनत भूमि में शेष पौधारोपण योजना एवं चयनित क्षेत्र का विवरण, KML file इत्यादि प्रस्तुत करने का कष्ट करें।	भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मत्रांलय देहरादून के पत्र सं0 8बी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 123 / 2021 / एफ0सी0 / 1268 दिनांक 24.12.2021 के द्वारा प्रस्ताव पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु दुगनी भूमि एम0डी0एफ0 में होने के कारण पुनः जिलाधिकारी महोदया पौड़ी के पत्र संख्या 286 / 08 एल0ए0सी0–2020–24 दिनांक 30.12.2024 के द्वारा ग्राम कौला मल्ला पट्टी बिजलोट तहसील धुमाकोट के नॉन0जैड0ए0 खाता खतौनी सं0 07 खसरा संख्या 2383 कुल रक्वा 2.38 है0 भूमि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रभागीय वनाधिकारी गढ़वाल वन प्रभाग पौड़ी के नाम हस्तान्तरण किया गया है। **(जिलाधिकारी महोदया पौड़ी के आदेश की छायाप्रति एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण मैप संलग्न है)**
2.	के0एम0एल0 फाइल के अवलोकन उपरान्त यह पाया गया है कि सभी ग्राम पूर्व से ही मार्ग से जुड़े हुये हैं, वन क्षेत्र में 107 वृक्षों के पातन के साथ अतिरिक्त मार्ग का निर्माण उचित प्रतीत नहीं होता है। प्रस्तावित मार्ग केवल दो मौजूदा मार्गों को जोड़ता प्रतीत होता है। अतः आप इस पर अपना स्पष्ट प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।	जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत मुछियाली – चराकोट कमरगढ़ होते हुये देहलचौरी बाज़ार तक 4.500 कि0मी0 में प्रस्तावित है। ग्राम पंचुर,देहल,कमरगढ़ व टपराड़ी आदि गाँवों का मुख्य बाजार देहलचौरी है तथा इसी स्थान पर इण्टर कॉलेज देहलचौरी एवं देहलचौरी से लगभग 20.00 कि0मी0 दूरी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी स्थित है। इस भाग के निर्माण से जहाँ एक ओर पंचुर,कमरगढ़ एवं देहल ग्राम की जनता को मोटर मार्ग से जुड़ने की सुविधा प्राप्त होगी। वहीं दूसरी ओर इस क्षेत्र के समस्त ग्रामों की जनता को तहसील मुख्यालय, बेस चिकित्सालय तथा जनपद मुख्यालय पौड़ी तक पहुँचने में असानी होगी। इस प्रकार प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम देहल, कमरगढ़ व पंचुर आदि ग्रामों का आर्थिक व समाजिक विकास दृढ़ गति से होगा। मार्ग निर्माण से क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। ग्राम पंचुर, टपराड़ी, देहल व कमरगढ़ आदि ग्रामों को अरकनी – खन्दूखाल – मुछियाली मोटर मार्ग से देहलचौरी बाज़ार तक जाने की सुविधा प्राप्त है जिसकी दूरी 39.00 कि0मी0 है। उक्त मोटर मार्ग के निमार्ण से ग्रामवासियों को लगभग 2.00 कि0मी0 कम दूरी तय करनी पड़ेगी।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० पौड़ी

3.	एफ0आर0ए0 के एसग0डी0एल0सी0 में दिनांक का उल्लेख नहीं किया गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि दिनांक अंकित करते हुये एस0डी0एल0सी0 बैठक की proceedings upload करने का कष्ट करें।	एफ0आर0ए0 के एस0डी0एल0सी0 में दिनांक अंकित कर दी गई हैं। पुनः अपलोड कर दिया गया है। (संलग्न–एफ0आर0ए0 की छायाप्रति)
4.	पंचूर ग्राम की वी0एल0सी0 बैठक की proceedings अपलोड नहीं पाई गई है। आपसे अनुरोध है कि पंचूर ग्राम की वी0एल0सी0 बैठक की proceedings विधिवत स्वीकृति से पूर्व अपलोड करने का कष्ट करें।	पंचूर ग्राम की वी0एल0सी0 बैठक की proceedings पुनः अपलोड कर दी गई हैं। (पंचूर ग्राम की वी0एल0सी0 बैठक की छायाप्रति संलग्न है)
5.	भाग II में uploaded सी0ए0 योजना और स्थल निरीक्षण आख्या स्वच्छ रूप से scanned एवं पढ़ने योग्य नहीं है। आपसे अनुरोध है कि इन दस्तावेजों की मूल प्रति अपलोड करने का कष्ट करें।	भाग II में uploaded सी0ए0 योजना और स्थल निरीक्षण आख्या स्वच्छ रूप से scanned कर पुनः अपलोड कर दी गई हैं। (स्थलीय निरीक्षण आख्या की छायाप्रति संलग्न है।)

संलग्न :– 4 प्रतियों में।

(इं0 रीना नेगी)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी